मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः11.01.2026

थाना लालगंज साइबर सेल टीम द्वारा साइबर ठगी की घटना से संबंधित सम्पूर्ण धनराशि ₹ 50,000/- को पीड़ित के खाते में कराया गया वापस -

आवेदक मनोज कुमार पुत्र सूर्यबली नि0 लालगंज जनपद मीरजापुर द्वारा थाना लालगंज के NCRP पोर्टल पर 1930 (साइबर हेल्प लाइन) के मदद से शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया कि ठग द्वारा पुरानी गाडी बेचने का लालच देकर ₹ 50,000/- की साइबर ठगी किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना लालगंज की साइबर सेल टीम द्वारा जाँच प्रारम्भ की गयी।

"सोमेन बर्मा" पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना लालगंज की साइबर सेल टीम द्वारा उपरोक्त प्रकरण में जाँच कर कार्यवाही करते हुए पीड़ित के बैंक खाते में संपूर्ण धनराशि ₹ 50,000/- वापस कराए गये। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक के द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस उच्चाधिकारी एवं साइबर सेल टीम थाना लालगंज पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। आवेदक को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ठगी से जागरुक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बताई गई।

साइबर सेल टीम थाना लालगंज-

1. प्र0नि0 अभय कुमार सिंह थाना लालगंज, मीरजापुर।
2. उ0नि0 अनिलेश द्विवेदी 3. का0 कुलदीप पाल थाना लालगंज मीरजापुर।

****